## खबर संक्षेप

### अजनिया में पेयजल संकट गहराया

**छिन्दवाड़ा:-** नगर पालिक निगम छिन्दवाड़ा के वार्ड क्रमांक 16 महात्मा गांधी वार्ड के अंतर्गत अजनिया में पेयजल संकट गहरा गया है। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चौधरी पुष्पेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में इंदिरा आवास कॉलोनी स्थिति बोरवेल से पेयजल सप्लाई थी, लेकिन ग्रामीष्म ऋतु व बढ़ते तापमान और गिरते जलस्तर से अचानक बोरवेल से पानी आना बंद होने और बोनर से मिट्टी आने से पानी नहीं निकल पा रहा है। पुरानी बस्ती स्थित हैंडम्पप का जल स्तर नीचे चले जाने से उमसें भी पानी नहीं आ रहा है इस कारण क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु बढ़ते तापमान और पेयजल समस्या के निराकरण हेतु बोरवेल किए जाने सहित अन्य व्यवस्थाएं बनाने की मांग की है।

### कोमल बने प्रदेश सचिव, हुआ स्वागत

**छिंदवाड़ा।** नून्हारिया मेहरा समाज विकास समिति के प्रदेश सचिव पद पर कोमल भावरकर की नियुक्ति होने पर राधेलाल भावरकर निवास में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुष्पमाला पहनाकर एवं तिलक लगाकर उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में राधेलाल भावरकर, बीना भांवरकर, बबीता भांवरकर, सुमित भावरकर एवं नरेन्द्र भांवरकर ने कोमल भावरकर को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित की। सभी ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में समाजहित एवं विकास के कार्यों को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर समाज की एकता, विकास एवं जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया गया।

### कांग्रेस ने पांच सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा:-** कांग्रेस छिन्दवाड़ा ग्रामीण भाग एक एवं दो के कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर के नाम सौंपा। प्रस्तुत ज्ञापन में मांग की कि जिले के 11 हजार किसान गेहूं उपज बेचने से वंचित रह गए हैं उनका गेहूं अविलम्ब खरीदा जाए। किसानों को पेट्रोल पम्पों से पर्याप्त मात्रा में डीजल दिया जाए, किसी प्रकार की बाध्यता ना रखी जाए। प्रस्तुत ज्ञापन में कांग्रेस ने कहा कि छिन्दवाड़ा ग्रामीण भाग एक एवं भाग दो मूलरूप से कृषि प्रधान क्षेत्र है। यहां अधिकांश किसानों की आय का मुख्य स्त्रोत कृषि पर आधारित है।

## जामसांवली में लव मर्डर कांड: गुजरात से जामसांवली मिलने आया था प्रेमी

# प्रेमिका बनी कातिल! सोशल मीडिया पर परवान चढ़ा दोनों का प्रेम, मिली मौत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर**

कहते हैं प्यार में इंसान सब कुछ न्योछावर कर देता है, लेकिन सौसर के प्रसिद्ध जामसावली मंदिर के पास हुए एक सनसनीखेज हत्याकांड ने प्रेम के रिश्ते को शर्मसार कर दिया है। जामसावली मंदिर के पास मिले एक अज्ञात युवक के अंधे कत्ल की गुत्थी को सौसर पुलिस लगी हुई है।चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि जिस युवक की बेरहमी से हत्या की गई, उसकी कातिल कोई और नहीं बल्कि उसकी अपनी ही प्रेमिका ही बताई जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की शिनाख्त मोबाइल नंबर, कॉल डिटेल्स और सोशल मीडिया अकाउंट्स खंगालने के बाद आकाश परमार (निवासी: कोड़रम, जिला बनासकांठा, गुजरात) के रूप में हुई है। गुजरात के रहने वाले आकाश की दोस्ती छिंदवाड़ा जिले के लावाघोघरी (चिरेवानी) की रहने वाली युवती से सोशल मीडिया के जरिए हुई थी। दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला इस कदर बढ़ा कि दोनों



### गुजरात से मिलने आया था प्रेमी

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अपनी इसी प्रेमिका से मिलने की बेताबी में आकाश विशेष रूप से गुजरात से चलकर जामसावली आया हुआ था। उसे क्या मालूम था कि जिससे वह बेपनाह मोहब्बत करता है, वही उसकी जिंदगी की आखिरी रात लिख देगी। 24 मई की रात दोनों जामसावली में साथ थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि तैश में आकर प्रेमिका ने अपने ही प्रेमी आकाश की जान ले ली और शव को मंदिर के पास फेंक दिया।

### कत्ल की इनसाइड स्टोरी: क्या इस 'खूनी खेल' में कोई और भी था शामिल...?

कहा जा रहा है कि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी प्रेमिका को हिरासत में ले लिया है, लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं हो रही है।अंदेशा है कि इस खूनी वारदात में प्रेमिका के साथ कुछ और लोग भी शामिल हो सकते हैं। फिलहाल पुलिस हर पहलू की बारीकी से तफ्तीश जाच कर रही है। सोशल मीडिया से शुरू हुई इस प्रेम कहानी का अंत इतनी खौफनाक हत्या के साथ होगा, इसकी कल्पना शायद खुद मृतक आकाश ने भी नहीं की होगी। इस सनसनीखेज खुलासे के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैली हुई है।

### इनका कहना है

युवक की जामसांवली में लाश मिली है जिसकी चुनाव का आकाश निवासी कोडरम गुजरात के रूप में कई गई है। प्रथम दृष्टया आपसी विवाद में प्रेमिका द्वारा हत्या की बात सामने आई है। लेकिन शव को ठिकाने लगाने और इस साजिश में कुछ और लोगों की संलिप्तता होने को लेकर जाच चल रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी और विस्तृत पूछताछ जाच के बाद जल्द ही पूरे मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

रूपलाल उइके, थाना प्रभारी सौंसर

## पेंच नदी तट पर गूंजा जल संरक्षण का संदेश



**चौरई/छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के तत्वावधान में गंगा दशहरा उत्सव के अवसर पर चौरई सेक्टर क्रमांक 03 नवेगांव अंतर्गत ग्राम झिलमिली में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति झिलमिली द्वारा भव्य एवं जनजागरूकता से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन एवं ब्लॉक समन्वयक अफशा खान के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पेंच नदी तट पर विधिवत कलश पूजन, नदी आरती एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात ग्रामीण जनों एवं समिति सदस्यों ने नदी के आसपास स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की तथा जल स्रोतों को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ लेते हुए "जल है तो कल है" का संकल्प दोहराया। मंदिर में जल अर्पित कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं पर्यावरण संरक्षण की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को जल स्रोतों के संरक्षण, पानी के महत्व एवं आने वाली पीढ़ियों के लिए जल बचाने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मनीष तिवारी, संदीप शर्मा, श्रीमती संगीता पांडे, डॉ. अश्विनी चौरसिया, प्रियंका वर्मा, परी, प्राची सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।पूरा कार्यक्रम धार्मिक आस्था, सामाजिकसहभागिता एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश से ओत प्रोत रहा।

## 10 लाख की लागत से बनेगी सी सी रोड विधायक ने किया भूमिपूजन



**परासिया :-** विधानसभा परासिया की ग्राम पंचायत दमुआ रैयत के ग्राम गौरपानी में 10 लाख रूपये की लागत से सी सी रोड का निर्माण होगा। जिसके लिए सोमवार को विधायक सोहन वाल्मीकि ने भूमिपूजन किया।भूमिपूजन कार्यक्रम के पूर्व एक सभा आयोजित की गई। जिसमें सरपंच रामखिलावन यदुवंशी, जनपद सदस्य रोशनी उइके, पूर्व सरपंच सुर्मिला नागवंशी, उमरेठ ब्लाक अध्यक्ष मानक बेलवंशी, प्रदीप राय, द्वारका वंशकार, अशोक पवार मुख्य रूप से शामिल हुए। सरपंच रामखिलावन यदुवंशी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि, वे पंचायत के चहुमुखी विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस सड़क के लिए उन्होंने विधायक से मांग की थी, फलस्वरूप विधायक ने अपनी निधि से 10 लाख रूपये सड़क निर्माण के लिए दिए। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए विधायक के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लोगों को दी।

## नगर निगम द्वारा सड़क अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई, व्यापारियों को दी सख्त चेतावनी

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त सी. पी. राय के निर्देशानुसार शहर के परासिया रोड, वीआईपी रोड एवं खजरी चौराहे पर सड़क किनारे रखे गए सामान को व्यवस्थित




कराने की कार्रवाई की गई। इस दौरान सड़क पर अव्यवस्थित रूप से लगाए गए सब्जी विक्रेताओं के पाल भी हटवाए गए और उन्हें निर्धारित स्थान पर व्यवस्थित किया गया। नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर व्यापारियों एवं ठेला चालकों को समझाइश दी। साथ ही अनाउंसमेंट के माध्यम से सख्त हिदायत दी गई कि कोई भी दुकानदार या व्यापारी सड़क पर सामान न रखे। अधिकारियों ने कहा कि सड़क पर अतिक्रमण होने से यातायात प्रभावित होता है और आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर निगम ने चेतावनी दी है कि भविष्य में सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## दबंगों ने मोक्षधाम पर जमाया कब्जा, विरोध करने पर किया जानलेवा हमला

**छिन्दवाड़ा:-** भाजपा से जुड़े हुए लोगों की नजर जमीनों पर दौड़ रही। सरकारी जमीनों पर कब्जा और आदिवासी भाइयों की जमीन हथियाने की नियत से पार पा चुके ये लोगों ने अब मोक्षधाम को भी नहीं छोड़ा। मोक्षधाम की जमीन पर किए गए कब्जे का विरोध करने पहुंचे लोगों पर जानलेवा हमला किया गया। पुलिस चौकी में पहुंचे तो सुनवाई नहीं हुई, क्योंकि हमलावर भाजपा से जुड़े हुए लोग थे। यह कथन ग्राम जटलापुर के निवासियों ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन प्रस्तुत करते समय दिए। उन्होंने सम्पूर्ण मामले में निष्पक्ष कार्रवाई के साथ ही ग्राम के मोक्षधाम को कब्जा मुक्त किए जाने की मांग भी रखी। जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ग्रामवासियों द्वारा प्रस्तुत ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि ग्राम जटलापुर निवासी दिनेश, सीताराम, सुभाष वर्मा, मनेश वर्मा, मनोज, राधेश्याम लोधी, रविन्द्र वर्मा, बलवान, पंकज व राजा वर्मा के द्वारा दिनांक 21 मई 2026 की रात करीब 8.30 बजे लोहे की राड व तलवार से ग्राम के निवासी रमन ठाकुर, राजेश ठाकुर, पतिराम यादव, तरूण गिर, राकेश ठाकुर, धर्मेन्द्र वर्मा, सुमेन्द्र वर्मा, क वर्मा, सुजीत गिर, हरि वर्मा को अपशब्द कहते हुए गम्भीर मारपीट कर जाने से मारने का प्रयास किया गया। समस्त पीड़ितों ने धरमटेकड़ी चौकी पहुंचकर प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज कराने का प्रयास किया, किन्तु पुलिस ने सत्ता पक्ष के दबाव में के चलते अपराध पंजीबद्ध नहीं किया।

## नपा जुन्नारदेव में पानी के लिए हाहाकार

### विरोध में मटके फोड़े, चूड़ियां फेंकी और अव्यवस्थाओं से कराया अवगत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव**




जुन्नारदेव में भाजपा नीत नगर पालिका परिषद के खिलाफ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को जोरदार आक्रोश रैली निकालकर नगर की बदहाल व्यवस्थाओं पर तीखा हमला बोला। पेयजल संकट, अधूरे निर्माण कार्य, भ्रष्टाचार और सफाई व्यवस्था को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और मुख्य मार्गों से होते हुए नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। बाद में राज्यपाल के नाम मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जल संकट के विरोध में नगर पालिका परिसर में मटके फोड़े और चूड़ियां फेंककर नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ के खिलाफ नाराजगी जताई। "जनता को पानी दो", "भ्रष्टाचार बंद करो" और "नगरपालिका होश में आओ" जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि नगर में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। लोगों को महीने में कुछ दिन ही पानी मिल रहा है, जबकि पूरे महीने के बिल वसूले जा रहे हैं। दूषित पानी सप्लाई होने से नागरिक बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। वहीं पाइपलाइन विस्तार के नाम पर सड़कों को खोदकर छोड़ देने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। कांग्रेस ने नगर पालिका पर डीजल खर्च, टैंकर सप्लाई और पेयजल योजनाओं में लाखों रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप लगाए।

## जिस प्रदेश का बचपन अनपढ़ होगा,फिर उसका भविष्य क्या होगा: नकुलनाथ

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा**

जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने स्कूल और कॉलेजों में रिक्त प्रचार्यों के पद और प्रभारियों के भरोसे संचालन पर गम्भीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि विगत 21 सालों से लगातार देश, प्रदेश और जिले के युवा व बेरोजगारों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली प्रदेश की अंधी, बहरी भाजपा सरकार अब अपनी नई समाज विरोधी नीतियों को अमली जामा पहनाने में लग गई है। जिसके तहत जड़ में मठा डालने के प्रयोग किये जा रहे हैं, अर्थात जब बुनियादी शिक्षा ही नहीं मिलेगी तो आने वाले भविष्य में साक्षर बेरोजगार ही नहीं होंगे और बेरोजगारी की समस्या अपने आप ही समाप्त हो जायेगी। अब तक हर साल लगातार बेरोजगार युवा ठगा गया और ठगा जा रहा है। प्रदेश के करोड़ों युवा इस बात के गवाह है कि वर्षों तक भर्ती नहीं निकली, आधे उम्रदराज हो गये, निकली भी तो पेपर लीक हो गये और नहीं हुये तो किसी एक विशेष कॉलेज से टॉपर चयनित हुये हैं। भाजपा की शिक्षा नीति ने देश का भविष्य बर्बाद कर दिया।

नकुलनाथ ने जिले व प्रदेश के स्कूल एवं कॉलेजों में प्रारंभ हो रहे नवीन शिक्षा सत्र, स्कूल भवनों की जर्जर हालत, खाली पड़े शैक्षणिक पदों पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार का ध्यान शिक्षा की ओर से हट चुका है। आज जिले के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के नवनिहाल अपनी बुनियादी शिक्षा से दूर हो रहे।

## 9 माह से फरार हत्या प्रकरण का आरोपी गिरफ्तार

**परासिया।** थाना परासिया पुलिस ने ग्राम बेलगांव हत्या प्रकरण में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है।पुलिस अधीक्षक अजय पांडे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के कुशल निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस परासिया जितेन्द्र सिंह जाट के मार्गदर्शन में थाना परासिया पुलिस द्वारा लगातार फरार आरोपियों की तलाश की जा रही थी।थाना परासिया के अपराध क्रमांक 275/25 धारा 332(ख), 3(5) बी.एन.एस. के तहत दर्ज हत्या प्रकरण में घटना दिनांक 31 अगस्त 2025 से फरार आरोपी आरिफ शाह उर्फ गोल्डी को पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी आरिफ शाह उर्फ गोल्डी पिता जलील शाह उम्र 25 वर्ष निवासी जयप्रकाश कॉलोनी, स्टेशन के पास, पीपरिया लंबे समय से फरार चल रहा था।गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई कर उसे माननीय न्यायालय में पेश किया गया।इस कार्रवाई में निरीक्षक ईश्वरी पटले, उप निरीक्षक दिनेश बघेल, प्रधान आरक्षक योगेंद्र बेलवंशी तथा आरक्षक दिलीप डहेरिया का विशेष योगदान रहा।परासिया पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ सख्त संदेश गया है तथा पुलिस की सक्रिय कार्यप्रणाली की सराहना की जा रही है।



## कलेक्टर के निर्देश पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 68 लीटर शराब जप्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव**



सोमवार को हरेंद्र नारायण सिंह के आदेशानुसार एवं बी.आर. वैध के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा वृत जमाई एवं दमुआ क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई।आबकारी टीम ने ग्राम पुरानी बस्ती, मड़ई टोला, दलताबड़ी, दमुआ वार्ड क्रमांक 8, वार्ड क्रमांक 10, वार्ड क्रमांक 12 तथा भाखड़ा रोड वार्ड क्रमांक 13 के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर अवैध शराब का जखीरा बरामद किया।

कार्रवाई के दौरान कुल 68 लीटर शराब जप्त की गई, जिसमें 14 लीटर बीयर, 8 लीटर देशी मदिरा, 11 लीटर अंग्रेजी शराब तथा 35 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब शामिल है।

जप्त की गई समस्त शराब को आबकारी विभाग ने अपने कब्जे में लेकर मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधित 2000 की धारा 34(1) क के तहत कुल 8 प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया है।इस कार्रवाई में आबकारी उप निरीक्षक नरेंद्र नागेश, पूर्णिमा वरकड़े तथा आबकारी आरक्षक राज कुमार एवं मिथुन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आबकारी विभाग द्वारा लगातार अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके। विभाग की इस कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

## आबकारी की दबिश, जब्त की 1500 किलो महुआ लाहन

### नदी नालों पर की कार्यवाही, 80 लीटर शराब जब्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर**



जिले में अवैध मदिरा के निर्माण और क्रय-विक्रय के खिलाफ आबकारी विभाग ने सोमवार को एक बार फिर बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक की है। सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी. आर. वैद्य के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त सौंसर की टीम ने ग्राम गोंडी बडोना और खोरी क्षेत्र में नदी-नालों के किनारे चल रहे अवैध शराब के ठिकानों पर दबिश दी।

इस ताबड़तोड़ कार्रवाई में विभाग ने करीब 1500 किलोग्राम महुआ लाहन और 80 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त करने में बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र के शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है। आबकारी विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गोंडी बडोना और खोरी के जंगलों व नदी-नालों के किनारे बड़े पैमाने पर अवैध महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना मिलते ही आबकारी अमले ने घेराबंदी कर छापेमारी की।

टीम ने मौके से भारी मात्रा में लहान और बनी हुई शराब बरामद की। आबकारी टीम ने नियमानुसार महुआ लाहन के कुछ नमूने जांच के लिए सुरक्षित रखे और शेष 1500 किलो लाहन को मौके पर ही पूरी तरह नष्ट कर दिया।

विभाग द्वारा इस मामले में आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) 'क' एवं 34(1) 'च' के तहत कुल 03 अलग-अलग आपराधिक प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है। अवैध शराब के खिलाफ चलाए गए इस सफल अभियान में मुख्य रूप से वृत्त प्रभारी व सहायक जिला आबकारी अधिकारी के. सी. चौहान, आबकारी आरक्षक जितेन्द्र धुर्वे, सुश्री भावना हेडाऊ सहित आबकारी विभाग का अन्य सशस्त्र अमला मुस्तैद रहा है।

## नुन्हारिया मेहरा समाज के चुनाव संपन्न, रामराव आठनकर बने जिला अध्यक्ष

**छिंदवाड़ा:** नुन्हारिया मेहरा विकास समिति छिंदवाड़ा की कार्यकारिणी का बैठक का आयोजन दिनांक 24 मई 2026 दिन रविवार को स्थानीय पेंशनर भवन में किया गया। इस अवसर पर नुन्हारिया मेहरा समाज विकास समिति के मतदान संपन्न हुये। जिसमें जिला अध्यक्ष पद पर रामराव आठनकर, उपाध्यक्ष मंगल प्रसाद भॉवरकर, सचिव कोमल भावरकर, सहसचिव हरीश नागले, कोषाध्यक्ष द्वारका प्रसाद नुन्हारिया एवं सदस्य पद राजू सरानकर की नियुक्ति की गई। इस अवसर पर कार्यवाहक अध्यक्ष महेश भावरकर, संस्थापक सदस्य बिसनलाल झावरे, सिरपत सरनकर, शिवन्दन भावरकर, जी.एस.पाटिलकर, शिवप्रसाद भावरकर, कामता प्रसाद पटेलिया, राधेलाल भावरकर, विजय बुनकर चॉदामेटा, सुरेश जावकर न्यूटन, सुरेश बुनकर घाघर तलाई, बालकिसन कोलारे परासिया, भरोष परसगांव एवं तात्कालीन अध्यक्ष अतरलाल कोलारे, उपाध्यक्ष उमाशंकर (संतोष) वस्त्राने, कोषाध्यक्ष महेंद्र खातरकर, नवीन कार्यसमिति गठन नियमनुसार पारित प्रस्ताव एवं कार्यकारी टीम एवं समस्त सामाजिक नागरिकों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से चुनाव संपन्न हुये।

### काव्य पाठ ने भरा उत्साह, गणमान्य जनों की रही उपस्थिति

## जल संरक्षण का संकल्प: छोटा तालाब में मनाया गंगा दशमी पर्व

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशमी पर्व के अवसर पर छिंदवाड़ा शहर के ऐतिहासिक छोटा तालाब में एक भव्य एवं भावपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने घाट पर पूजन-अर्चन एवं साफ-सफाई कर जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कलश यात्रा भी निकाली गई, जिसने आयोजन को धार्मिक एवं सांस्कृतिक गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने अपने उद्बोधन में जल संरक्षण की अनिवार्यता पर जोर देते हुए कहा कि नदियों के उद्गम की सुरक्षा, उनके प्रवाह में आई बाधाओं को दूर करना और अतिक्रमण से मुक्ति दिलाना ही हमारा मूल लक्ष्य है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तीसरा विश्वयुद्ध होगा तो वह पानी के लिए ही लड़ा जाएगा, इसलिए आज से ही जल स्रोतों की उद्गम से लेकर प्रवाह तक हर बाधा को मुक्त करने का संकल्प लेना होगा। सांसद श्री साहू ने बताया कि छिंदवाड़ा जिला राज्य की सात प्रमुख नदियों का उद्गम स्थल है और इस जिले को बावड़ियों का जिला भी कहा जाता है। गोंड राजाओं द्वारा निर्मित इन बावड़ियों सहित समस्त जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर उनका संरक्षण करना होगा। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी यह संकल्प लें कि आने वाली पीढ़ी को सतत जल स्रोत देकर जाएंगे। अतिक्रमण मुक्ति एवं वृक्षारोपण के लिए जहाँ राजनीतिक एवं प्रशासनिक प्रयास आवश्यक हैं, वहीं प्रत्येक नागरिक को भी अपना योगदान देना होगा।

### लड़ाई स्वयं के अस्तित्व की है और सभी का लक्ष्य समान है : कलेक्टर

कलेक्टर श्री नारायण ने अपने उद्बोधन में कहा कि आधुनिक मानव जाति के अस्तित्व में आने के बाद से ही पर्यावरणीय समस्याओं का अंततः जिम्मेदार मनुष्य ही रहा है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में आधुनिक मानव की उत्पत्ति से लेकर अब तक वह अपने और अपने अस्तित्व के लिए वनस्पतियों एवं जीव-जंतुओं को नष्ट करता रहा है और अपनी इन्हीं कृत्यों को न्यायसंगत ठहराने के लिए कहानियों के माध्यम से आने वाली पीढ़ियों को कथा सुनाता रहा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि अब लड़ाई स्वयं के अस्तित्व की है और सभी का लक्ष्य समान है। आने वाला कल प्रकृति के साथ संतुलन बनाने से ही संभव है। प्रदूषण चाहे जल का हो या वायु का, अंततः मनुष्य ही उसका जिम्मेदार है। उन्होंने नागरिकों, शासन एवं प्रशासन से मिलकर इस अभियान को सफल बनाने का आग्रह किया।

## दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल सहित वरिष्ठ नेता रहे मौजूद

# भाजपा का कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकतः गोंटिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जिला पांढुर्णा के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ अत्यंत गरिमामयी वातावरण में सोमवार को हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल द्वारा भाजपा का ध्वज फहराकर (झंडा वंदन), दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन के साथ की गई।

इस उच्च स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में क्षेत्र के कई दिग्गज नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से पांढुर्णा छिंदवाड़ा सांसद विवेक बंटी साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़,प्रदेश प्रवक्ता एड अजय धवले,विधायक,पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे,जिला संगठन प्रभारी दीपांकर बैनर्जी,जिला वर्ग प्रभारी रमेश पोपली,पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड, भाजपा नेता श्रीकांत साहू प्रभारी राजू परमार,श्रीमती वैशाली महाले,संतोष जैन,नपा अध्यक्षश्रीमती सुरेखा इन्द्रचंद डागा, जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भूते, रामकृणा वाकोडे आदि थे।प्रशिक्षण वर्ग में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्रहित और सेवा भाव से कार्य करने वाला वैचारिक संगठन है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत हैं। प्रत्येक कार्यकर्ता को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पार्टी की विचारधारा एवं सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करना चाहिए। उन्होंने 'पंचनिष्ठाओं एवं जिज्ञासा समाधान' विषय पर विस्तार से अपने विचार रखते हुए संगठनात्मक अनुशासन व वैचारिक प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

### व्यक्तित्व विकास का माध्यम है प्रशिक्षण वर्गः मोहोड़

प्रशिक्षण वर्ग की प्रस्तावना रखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड ने जिले की संगठनात्मक एवं भौगोलिक स्थिति से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व विकास, संगठन विस्तार एवं वैचारिक मजबूती का प्रभावी माध्यम है।प्रशिक्षण वर्ग में विचार परिवार, कार्यपद्धति, सोशल मीडिया एवं प्रभावी सूचना तंत्र, संगठन के लिए सकारात्मक परसेप्शन निर्माण, कार्यकर्ता विकास एवं अपेक्षाएं, कार्य विस्तार, सरकार की उपलब्धियां, आदि पर मार्गदर्शन दिया आयोजन में मध्यप्रदेश तीर्थ स्थान क्षेत्र एवं मेला प्राधिकरण के अध्यक्ष विनोद गोटिया भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ओमप्रकाश धुर्वे सह मीडिया प्रभारी डॉ. श्रीकांत साहू, भीष्म द्विवेदी, पूर्व विधायक ताराचंद बावरिया और रमेश भटेरे आदि थे।

### सात दिवसीय महापुराण कथा में उमड़े भक्तगण



**दमुआ।** सात दिवसीय श्री महापुराण कथा के सातवें दिन कथा के समापन अवसर पर भगवान श्री शंकर जी की विस्तार पूर्वक कथा का वर्णन किया गया कथा वाचक आचार्य पंडित श्री हरीश मिश्रा जी महाराज। न घोड़ावाडी के मुखारविंद से कथा श्रवण कराई गई संगीतमय श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा अनवरत सात दिवस तक चलती रही स्थान उद्गम पब्लिक स्कूल घोड़ावाडी कर मोहनी बंदी में कुसुम जयसवाल परिवार की ओर से कथा कराई गई कथा प्रतिदिन समय दोपहर 2:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कथा चलती रही जहां भारी संख्या में भक्त श्रद्धालुओं ने कथा में सम्मिलित होकर कथा का श्रवण कर रसपान किया श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा में भगवान शिव शंकर जी एवं पार्वती जी गणेश जी कार्तिकेय जी आदि की महिमा का वर्णन कराया गया जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने कथा का रसपान कर भरपूर आनंद उठाया कथा के समापन अवसर पर महाप्रशादी :वितरित किया गया जहां भक्तों ने सम्मिलित होकर पूर्ण लाभ ही अर्जित किया

### भीषण गर्मी में राहत का सहारा बना लायंस सेवा समिति का सार्वजनिक प्याऊ




**दमुआ।** ।लायंस सेवा समिति द्वारा बैरियल कॉलरी ऑफिस के पास गरीब भोज परिसर में सार्वजनिक प्याऊ प्रारंभ किया गया है, जो इस भीषण गर्मी में लोगों के लिए राहत का बड़ा माध्यम बन रहा है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आने-जाने वाले राहगीरों को यहां ठंडा, निर्मल, स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच यह प्याऊ लोगों की प्यास बुझाकर मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। इस पुण्य कार्य में नगर पालिका का भी सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है, जिसके लिए समिति ने सहृदय धन्यवाद व्यक्त किया है।समिति के सदस्यों का कहना है कि "भूखे को भोजन और प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है।" इसी उद्देश्य को लेकर लायंस सेवा समिति निरंतर समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन व्यवस्था, राहगीरों के लिए शीतल जल सेवा तथा मानव कल्याण से जुड़े अन्य कार्य समिति द्वारा समय-समय पर किए जाते रहे हैं।स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों ने समिति के इस प्रयास की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। लोगों का कहना है कि वर्तमान समय में जब गर्मी लगातार बढ़ रही है, ऐसे में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था मानवता की सच्ची सेवा है। यह पहल समाज के अन्य संगठनों और नागरिकों को भी प्रेरणा देती है कि वे आगे आकर जरूरतमंदों की सहायता करें।लायंस सेवा समिति का यह कार्य सेवा, समर्पण और मानवता का जीवंत उदाहरण बन गया है। समिति का मूल संदेश "सेवा हमारा धर्म है, सेवा हमारा कर्म है" समाज में परोपकार और सहयोग की भावना को मजबूत कर रहा है।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक समिति द्वारा रेलवे स्टेशन में किया गया छाछ का वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक समिति के अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि व रेलवे जोनल सदस्य सत्येन्द्र ठाकुर ने बताया कि इस समय जिले में भीषण गर्मी और लू का कहर चल रहा है आज नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्मारक समिति द्वारा भीषण गर्मी व नौतपा में छिंदवाड़ा मॉडल रेलवे स्टेशन में पातालकोट एक्सप्रेस के जनरल बोगी में सफर कर रहे 500 यात्रियों को छाछ और ठंडे पानी का वितरण किया गया पूरे नौतपा में समिति द्वारा यात्रियों में छाछ,ठंडा जल वितरण किया जाएगा इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सांसद प्रतिनिधि जोनल रेलवे सदस्य सत्येन्द्र ठाकुर ,स्टेशन सलाहकार समिति सदस्य राहुल साहू,स्टेशन प्रबंधक हेमराज मीणा ,सी आई सुजीत कुमार,आशीष अलडक, जागेंद्र सोलंकी,जीवन यादव,रवींद्र मालवी अवदेश ,मिथलेश कहार मोहम्मद शकील,उपस्थित रहे।

### शिवालय में किया जलाभिषेक, लोगों को दिया नदियों की स्वच्छता का संदेश

**पांढुर्णा।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री नीरज कुमार वशिष्ठ एवं जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन के मार्गदर्शन तथा विकासखंड समन्वयक श्री अनिल बोबड़े के निर्देशन में सामाजिक नवांकुर संस्था "युथ ऑफ सौसर एसोसिएशन" द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत रिधोरा स्थित घोघरा घाट वॉटरफॉल में "गंगा दशहरा उत्सव" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान घाट एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई अभियान चलाकर प्लास्टिक, पन्नी एवं अन्य कचरे को हटाया गया। इसके साथ ही जल स्रोतों को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने तथा जनमानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।

## पानी की किल्लत से निपटने श्रीजी परिवार ने शुरू की टैंकर सेवा, ग्राम पंचायत के बजाए निजी संस्था बनी सहारा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

भीषण गर्मी में पानी की विकराल समस्या से जूझ रहे सिंगोड़ी के रहवासियों के लिए श्रीजी परिवार ने पानी के टैंकर का प्रबंध किया है। प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। ग्राम पंचायत के बदले श्रीजी परिवार ने उठाया बीड़ा स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी की व्यवस्था का कार्य ग्राम पंचायत को करना था, लेकिन मौजूदा हालात में श्रीजी परिवार ने आगे आकर यह जिम्मेदारी निभाई है। पत्रकार ने जताया आभार पत्रकार जाहिद मंसूरी ने कहा, ₹जिस कार्य को ग्राम पंचायत को करना था, वह श्रीजी परिवार कर रहा है। मैं हृदय से श्रीजी परिवार का आभार व्यक्त करता हूं।₹ संपर्क नंबर जारी श्रीजी परिवार की ओर से बताया गया कि जरूरतमंद लोग पानी के टैंकर के लिए 9993616462 पर संपर्क कर सकते हैं। स्थानीय लोगों ने श्रीजी परिवार की इस पहल की सराहना की है और प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग की है।

### जल स्त्रोतों को स्वच्छ रखने किया श्रमदान

**छिंदवाड़ा।** स्वचछता एवं जल के महत्व को जन जन तक समझाने के लिए हम सभी के मिले जुले प्रयास किये जाने चाहिए ताकी इन सामुहिक प्रयासों से स्वच्छ भारत की कल्पना को साकार किया जा सकता हे ।इस बात की जानकारी देने के लिये कलेक्टर हरेंद्र नारायण के निर्देशन मे एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन मे जल गंगा संवर्धन के अंर्तगत गंगा दशमी पर वृहद स्तर पर सेक्टर क्रमांक 3 के ग्राम भानादेही मे जन जागरूकता ,श्रमदान एवं जलस्त्रोत का पूजन कार्यक्रम नवांकुर संस्था अपूर्वा फाउंडेशन , ग्राम विकास प्रस्फूटन समिति एवं ग्राम पंचायत के संयुक्त तत्वावधान मे किया गया । इस अवसर पर परामर्श दाता श्यामल राव ने बताया की उक्त बांध के निर्माण से ग्राम के कुऐ, हेंड पंप का जल स्तर बढ़ने के साथ साथ मवैशियो को पीने का पानी ,आसपास के किसानो को गेहू के लिए भी पर्याप्त मात्रा मे पानी मिल सकेगा।

## जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत गंगा दशमी पर्व पर स्वच्छता श्रमदान एवं गंगा आरती का आयोजन

### चंदनेश्वर शिव मंदिर परिसर व चंदन नदी की सफाई की



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** नगपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा जल संवर्धन अभियान के तहत 25 मई को नगरपालिका परिषद से वाहन रैली निकाली गई। जिसमें नागरिकों को स्वच्छता के संबंध में संदेश दिया गया। वहीं प्रभात फेरी, रैली, चुनरी अर्पण, पूजन, जल संरचना के संवर्धन के प्रति जागरुकता हेतु संगोष्ठी आदि कार्यक्रम नगर के वार्ड नम्बर 12 में चंदन नदी के तट पर स्थित चंदनेश्वर शिव मंदिर परिसर में किया गया।

इसके पूर्व नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्यालय से चंदनेश्वर शिव मंदिर घाट तक प्रभात फेरी बाइक रैली निकाली गई। तदउपरांत मुख्य कार्यक्रम गंगा दशमी का पर्व स्थानीय वार्ड क्रमांक 12 चंदन नदी तट पर स्थित चंदनेश्वर शिव मंदिर घाट पर श्रीमती सरिता मनोज दांदरे अध्यक्ष नगरपालिका की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत चंदनेश्वर शिव मंदिर घाट पर स्वच्छता श्रमदान से की गई। जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठन, स्वच्छता मित्रों एवं नगरवासियों, स्वसहायता समूह की महिलाएं, नगर पालिका, अधिकारी, कर्मचारी ने सहभागिता करते हुए चंदनेश्वर शिव मंदिर घाट परिसर में श्रमदान कर प्लास्टिक एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री को हटाया गया। नागरिकों को जल संरक्षण, जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनाए रखने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुक किया गया।

इसी के साथ प्रणय श्रीवास्तव द्वारा रचित चंदन नदी पर चालीसा का वाचन एवं चंदन नदी पर रचित चंदन नदी की आरती का गायन किया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रुप मे उपस्थित भेजेन्द्र चौधरी पतंजली योग समिति प्रमुख द्वारा गंगा दशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जल संरक्षण क्यों महत्वपूर्ण है? कैसे जल को बचाए, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को पानी की सुलभ उपलब्धता हो सके, अपने उद्बोधन मे विस्तृत रुप से बताया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि पानी उतना व्यर्थ ना बहाए, वृक्ष लगाए एवं उनके देख रख करे, अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखे।

## नौतपा के पहले दिन कटंगी में भीषण गर्मी

### तापमान 43 डिग्री पर पहुंचा, दोपहर में सड़कों पर सन्नाटा, स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी शहर में नौतपा के पहले ही दिन भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। सोमवार को तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। दोपहर के समय शहर की सड़कों पर सन्नाटा छा गया और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद भलावी ने इस स्थिति को देखते हुए क्षेत्रवासियों के लिए विशेष अपील की है। नौतपा, जिसे मौसम विज्ञान में सबसे गर्म दिनों का प्रतीक माना जाता है, इस बार कटंगी में अपने पहले ही दिन असर दिखने लगा। सुबह 08 बजे से ही धूप तेज हो गई थी। दोपहर 01 बजे तक तापमान 43 डिग्री पर पहुंच गया। शहर के बाजार, चौक और मुख्य मार्गों पर लोगों की आवाजाही लगभग बंद हो गई। कटंगी की मुख्य सड़कें, बस स्टैंड रोड, गांधी चौक और बाजार क्षेत्र दोपहर में वीरान हो गए। सामान्य दिनों में जहां भीड़भाड़ रहती है, वहां सन्नाटा छा गया। गर्मी से बचने के लिए लोग पेड़ों की छांव, घरों के अंदर और ठंडे पेय पदार्थों का सहारा लेते दिखे। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद भलावी ने नागरिकों को गर्मी से बचाव के लिए जरूरी निर्देश दिए। दोपहर 12 से 4 बजे तक बाहर निकलने से बचें। हल्के और सूती कपड़े पहनें। पानी का अधिक सेवन करें और शरीर को हाइड्रेट रखें। बच्चों और बुजुर्गों को धूप में जाने से रोकें। लू लगने के लक्षण दिखें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

**आग बरसाती धूप से बेहाल जनजीवनः** नौतपा का पहला दिन ही आग बरसाने वाला साबित हुआ। आसमान से उतरती तपिश ने जनजीवन को झुलसा दिया। सुबह से ही सूरज ने तीखे तेवर दिखाए और दोपहर तक तापमान सामान्य से कहीं अधिक बढ़ गया। ग्रामीण अंचलों में भी तेज धूप की वजह से जनजीवन बेहाल नजर आया। खेतों में कामकाज प्रभावित हुआ। मजदूरों को दोपहर में काम रोकना पड़ा और कई जगहों पर सिंचाई कार्य भी ठप हो गया। पशुधन पर भी गर्मी का असर दिखने लगा। तेज गर्मी के कारण बिजली की खपत अचानक बढ़ गई। कई जगह ट्रिपिंग और कटौती हुई। इससे घरों पर असर पड़ा। बता दें कि ऐसी भी लोकमान्यता है कि नौतपा जितना अधिक तपेगा, उतनी ही अच्छी वर्षा होगी। ग्रामीण समाज इसे वर्षा पूर्व संकेत मानता है।

## विधायक विवेक पटेल ने डोंगरमाली-भेंडारा-घोटी निर्माणाधीन सडक़ का किया औचक निरीक्षण



### ग्रामीणों क्षेत्रों की सडक़ों को शहर से जोडऩे कर रहे प्रयास-विवेक पटेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** क्षेत्रीय विकास और निर्माण कार्यों की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विधायक विवेक विक्की पटेल ने ग्राम डोंगरमाली-भेंड़ारा-घोटी निर्माणाधीन सडक़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सडक़ निर्माण की प्रगति, कार्य की गति और उपयोग में लाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया कि वह समय सीमा के पूर्व निर्माण कार्य पूर्ण करे, उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्षेत्र की जनता को जल्द बेहतर सडक़ सुविधा मिल सके। ताकि बारिश के समय क्षेत्र की जनता को इस मार्ग से गुजरते समय परेशानियों का सामना न करने पड़े। इस 13 किलोमीटर वाली सडक़ का निर्माण कार्य लगभग 20 करोड़ रुपयों की लागत से किया जा रहा है।

विधायक विवेक पटेल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव को बेहतर सडक़ और बुनियादी सुविधाओं से जोडऩा उनकी पहली प्राथमिकता है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रहे ना रहे, क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार जारी रहेगी। विकास कार्यों को कभी रुकने नहीं देंगे। जनता के हित में किसी भी प्रकार से विकास कार्यों में समझौता नहीं किया जाएगा।

## ठेकेदार की मनमानी से सरकारी नियमों की खुलेआम धज्जियां, बिना अनुमति मुरूम खनन से मचा हड़कंप

### कुम्हारी-केरेगांव सड़क निर्माण में अवैध उत्खनन का आरोप, प्रशासनिक अनुमति और पर्यावरण नियमों को ठेंगा दिखाने का मामला

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्य के नाम पर एक बार फिर नियमों की अनदेखी और ठेकेदार की कथित मनमानी का गंभीर मामला सामने आया है। कुम्हारी से केरेगांव तक बन रही सड़क के कार्य में साइड सोल्डर डालने के नाम पर बिना वैध अनुमति के बड़े पैमाने पर मुरूम मिट्टी का अवैध उत्खनन किए जाने के आरोप लगे हैं। कुम्हारी खुर्द के कालागोटा नाला क्षेत्र में पोकलैंड मशीन से खुदाई कर तीन डंपरों के माध्यम से मिट्टी ले जाए जाने की जानकारी ने स्थानीय स्तर पर हलचल मचा दी।

**बिना वैध अनुमति के दिनदहाड़े चलता रहा खनन कार्यः**स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सड़क निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सरस्वार और उनके सुपरवाइजर की देखरेख में लंबे समय से मुरूम का उत्खनन किया जा रहा था। बताया गया कि खुदाई कार्य किसी वैध और वर्तमान अनुमति के आधार पर नहीं हो रहा था। सुपरवाइजर द्वारा दावा किया गया कि अनुमति उपलब्ध है, लेकिन जांच में यह तथ्य सामने आया कि संबंधित अनुमति फरवरी माह में ली गई थी, जिसकी समयावधि पहले ही समाप्त हो चुकी है। इतना ही नहीं, यह अनुमति भी किसी अन्य किसान के खेत के लिए जारी की गई थी, जिसका वर्तमान स्थल से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं था।

**एसडीएम के संज्ञान में आया मामला, जांच के दिए निर्देशः**जैसे ही मामला प्रकाश में आया, प्रशासनिक स्तर पर भी हलचल शुरू हो गई। एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने स्पष्ट रूप से कहा कि उनके द्वारा इस प्रकार की कोई नई अनुमति जारी नहीं की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी प्रकार की वैध अनुमति होती भी, तो नियमों के अनुसार खेत की मिट्टी को उसी स्थान पर समतल किया जाना चाहिए था, न कि पोकलैंड मशीनों के माध्यम से बड़े पैमाने पर उत्खनन कर उसका परिवहन किया जाए। उन्होंने मामले को गंभीर बताते हुए तत्काल हल्का पटवारी को मौके पर भेजकर जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

**मौके पर पहुंचते ही भागे डंपर, मशीनें हटाकर ली गई पैंतरेबाजीः**मामले की जानकारी सामने आने के बाद सबसे चौंकाने वाली स्थिति तब बनी जब मौके पर प्रशासनिक हस्तक्षेप की भनक लगते ही ठेकेदार के सुपरवाइजर ने तत्काल उत्खनन कार्य बंद करवा दिया। इसके बाद मौके पर मौजूद तीनों डंपरों को तेजी से वहां से हटा दिया गया और पोकलैंड मशीन भी क्षेत्र से हटाकर गायब कर दी गई। यह पूरी कार्रवाई कई सवाल खड़े कर रही है कि यदि सब कुछ नियमों के तहत हो रहा था, तो मौके से मशीनें और वाहन हटाने की जरूरत क्यों पड़ी। स्थानीय लोगों में इस पूरे मामले को लेकर गहरी नाराजगी देखी जा रही है और वे जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अब देखना यह होगा कि जांच के बाद प्रशासन इस कथित मनमानी और अवैध उत्खनन के मामले में क्या ठोस कदम उठाता है या यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबकर रह जाता है।

## ग्राम सोनपुरी में गंगा दशहरा की पावन अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम हुआ



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** 25 मई को मा. मुख्यमंत्री जी के आव्हान पर एवं कलेक्टर श्री मृणाल मीणा जी के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद बैहर द्वारा गंगा दशहरा के पावन अवसर पर जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्राम सोनपुरी में जल यात्रा, जल स्त्रोत पूजन एवं कलश यात्रा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत माँ गंगा के ध्यान एवं जल स्त्रोत पूजन से हुई, जिसमें विधि-विधानपूर्वक अक्षत, पुष्प, नारियल, दही एवं दूध द्वारा जल एवं कलश पूजन किया गया। इसके पश्चात भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें ग्राम भ्रमण कर ग्रामीणों को जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संदेश दिया गया।तत्पश्चात कलश के पवित्र जल से ग्राम सोनपुरी स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव जी का रुद्राभिषेक एवं महाआरती संपन्न हुई। कार्यक्रम उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।मंदिर परिसर में आयोजित सभा के दौरान जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन एवं पर्यावरण जागरूकता विषय पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उपस्थित सभी नागरिकों को जल बचाने एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

यह आयोजन "जल गंगा संवर्धन अभियान" के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य नदियों, तालाबों, कुओं एवं अन्य जल स्त्रोतों का संरक्षण, स्वच्छता एवं पुनर्जीवन करना है। गंगा दशहरा के पावन अवसर पर ग्रामीणों ने जल संरक्षण हेतु जनजागरूकता का संकल्प लिया।

इस अवसर पर तहसीलदार बैहर अनुराग मेरावी, सर्व धर्म सेवा समिति अध्यक्ष जेम्स बारीक, राजस्व निरीक्षक राजस्व सनी अर्मो, पटवारी अभिषेक मेश्राम, पटवारी देवेंद्र धुर्वे,सरपंच सोनपुरी सुनील उइके, विकासखंड समन्वयक महेश पटले, युवा मोर्चा महामंत्री संतोष सोनी, डॉ. प्रभात घुले, पत्रकार संजना बर्वे, समाजसेवी बैहर अभय यादव, परामर्शदाता शिवनाथ यादव, सुरेश यादव, सचिव सोनपुरी सुखचरण खढ़ाते, सहायक सचिव सतीश उमरे, ग्राम रक्षक सोनपुरी बाबूलाल गजभिये, संजय पंचभाया, मीडिया प्रभारी बालाघाट अमन गौतम सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### संत सुरक्षित तो समाज सुरक्षित, मांग को लेकर जैन समाज ने सौपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सुबह शौच के लिए जा रही जैन साध्वी आर्यिका रत्न श्री 105 श्रुतमति माताजी ओर आर्यिका रत्न श्री 105 उपशममति माताजी को सामने से आ रही कार ने सडक़ के किनारे चल रही दो माताजी को कुचल दिया,मोके पर ही साध्वी गुरु माता जी का समाधि मरण हो गया प्रशासन इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषीयो पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करे घटना की फोटो वीडियो जो सामने आई है उसमें साफ दिखाई दे रहा है की जैन साध्वी बिल्कुल किनारे से जा रही थी यह गाड़ी चालक बीच रोड से चल रहा था साध्वी को देखते ही साथ इसने गाड़ी को उनके तरफ ले गया और माता जी को सामने से कुचल दिया। यह दो साध्वी की नहीं संपूर्ण संत समाज की हत्या है। संत सुरक्षित तो समाज सुरक्षित, इसी मांग को लेकर संपूर्ण जैन समाज ने अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में मोन जुलुश निकाला और एसडीम महोदय अर्जुन सिंह ठाकुर थाना प्रभारी केपी धुर्वे और तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सोपा, और संत साधु भगवंत की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा की मांग की।

### बस स्टैंड केवलारी मे पेयजल व्यवस्था की

जिले के सबसे व्यस्ततम बस स्टैंड केवलारी में पेयजल समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रतीक्षालय के ऊपर नगर परिषद केवलारी के द्वारा पानी की टंकी स्थापित की गई। इस पेयजल व्यवस्था के चलते ही नगर के फ्रेंड्स क्लब और केवलारी जागरूक नागरिक मंच के सदस्यों के द्वारा ठंडे पानी के मटके में पानी रखकर निशुल्क पेयजल प्याऊ का शुभारंभ देवी सिंह बघेल पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा, फ्रेंड्स क्लब केवलारी के अध्यक्ष संजीव अवधिया, नगर परिषद उपाध्यक्ष शिव चौधरी, सुधीर पांडे मनोनीत पार्षद, पत्रकार संघ अध्यक्ष रफीक खान, अधिवक्ता राकेश राजपूत, अधिवक्ता पवन यादव, राजेश तिवारी , सिब्बु अग्रवाल , पं रामनरेश दुबे,विनोद सिसोदिया, हनी साहू ,अंकित रजक, बसंत यादव ,प्रदीप जैन (बडडु) बंटी खान , आलम खान, गणेश चौधरी , मुन्ना लीलेंड, दिनेश वन्देवार, शिव शंकर की उपस्थिति में किया गया। यात्री बस से उतरते इस प्याऊ में पुरुष महिलाओं ने शुद्ध जल ग्रहण करके उपस्थित लोगों को धन्यवाद दिया। भीषण गर्मी में इस प्याऊ के प्रारम्भ होने से राहगीरों, बस यात्रियों, स्थानीय दुकानदारों को फायदा मिलेगा।



### बकरीद पर्व पर शांति समिति की बैठक का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अरी थाने में 28 मई को होने वाले मुस्लिम समाज का त्योहार बकरी ईद पर्व के संदर्भ में विगत दिवस थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रखी गई इस बैठक में गांव से पहुंचे सभी समाज के लोगों ने भाग लिया मुस्लिम समाज के मौलाना एवं हिंदू धर्म को मानने वाले लोग इस बैठक में सम्मिलित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य था की गोकशी पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए सिवनी एस पी कृष्ण लाल चंदानी के निर्देशानुसार पर एस डीओ पी बरघाट ने बताया कि गोकशी करने वाले का नाम बताने वाले व्यक्ति को 5000 का नगद इनाम दिया जाएगा एवं उसका नाम गुप्त रखा जाएगा। इस शांति समिति में सभी धर्म वर्गों के लोगों ने सहयोग कर इस बैठक को सफल बनाया है थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ। ने सभी लोगों का आभार प्रकट कर त्यौहार को आपसी भाईचारे एवं प्रेम पूर्ण माहौल में मनाने की जनता से अपील की है।

# कृषि विभाग के एक फैसले से 15-20 गांवों के किसान परेशान

**सिवनी- कोहका - पीपरडाही सहित आसपास के 15 से 20 गांवों के सैकड़ों किसान इन दिनों खाद के लिए परेशान हो रहे हैं। किसानों का आरोप है कि कृषि विभाग के एक फैसले के कारण कोहका स्थित पंजीकृत निजी कृषि केंद्र पिछले लगभग 15 दिनों से बंद पड़ा हुआ है, जिसका सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है।**

मिली जानकारी के अनुसार कोहका गांव में शासन से पंजीकृत आदर्श ऑर्गेनिक कृषि केंद्र संचालित होता है, जहां से आसपास के किसान आसानी से खाद एवं कृषि सामग्री प्राप्त कर लेते थे। लेकिन कृषि विभाग द्वारा केंद्र को सील किए जाने के बाद अब किसानों को खाद के लिए सिवनी एवं अन्य सरकारी केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं।

### दुकान बंद मिलने पर सील कर गया विभाग

जानकारी के अनुसार एक दिन कृषि केंद्र संचालक किसी आवश्यक कार्य से बाहर गए हुए थे। संचालक द्वारा पंजीकृत किसानों को पहले ही सूचना दे दी गई थी कि आवश्यक कार्य के कारण दुकान उस दिन बंद रहेगी। इसी दौरान किसी किसान द्वारा कृषि विभाग कार्यालय में फोन कर दुकान बंद होने की सूचना दे दी गई। इसके बाद विभागीय टीम मौके पर पहुंची और बंद दुकान को बिना किसी पूर्व नोटिस के सील कर चली गई। कृषि केंद्र संचालक ने बाद में विभाग से कई बार केंद्र का ताला खोलने का निवेदन किया और आवश्यक कार्य से बाहर जाने की बात स्वीकार करते हुए अपनी गलती भी मानी, लेकिन इसके बावजूद अब तक केंद्र नहीं खोला गया।

कोहका स्थित कृषि केंद्र 15 दिनों से बंद, खाद के लिए भटक रहे किसान




### किसानों को भुगतना पड़ रहा खामियाजा

किसानों का कहना है कि पहले जहां गांव के पास ही आसानी से खाद मिल जाती थी, अब उन्हें खाद लेने के लिए सिवनी या अन्य केंद्रों में पूरा दिन खराब करना पड़ रहा है।

ग्राम निवासी किसान आशा दुबे ने बताया कि कृषि केंद्र बंद होने के कारण उन्हें खाद के लिए सिवनी स्थित वेयरहाउस में पंजीयन कराना पड़ा। वहां सुबह से पहुंचने के बाद शाम 5 बजे तक नंबर का इंतजार करना पड़ा, लेकिन समय समाप्त होने के कारण खाद नहीं मिल सकी।

इसके बाद दोबारा पंजीयन कर अगले दिन फिर लाइन में लगना पड़ा, लेकिन उस दिन भी सर्वर डाउन होने के कारण सुबह से शाम तक इंतजार करने के बाद जवाब मिला कि अब 24 तारीख के बाद आकर खाद के संबंध में जानकारी लेना। किसानों का कहना है कि इस प्रकार उन्हें दो-दो और तीन-तीन दिन तक सरकारी केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, इसके बावजूद खाद नहीं मिल पा रही है।

सरकारी केंद्रों में सर्वर डाउन, घंटों इंतजार के बाद भी नहीं मिल रही खाद



### सरकारी व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

ग्रामीणों का कहना है कि जब सरकारी केंद्रों में सर्वर डाउन, लंबी लाइन और अन्य व्यवस्थागत समस्याओं के कारण किसान पहले से परेशान हैं, तब निजी कृषि केंद्र को लंबे समय तक बंद रखना समझ से परे है। लोगों का सवाल है कि क्या कृषि विभाग किसानों की समस्या हल करने के बजाय केवल कार्रवाई दिखाने में लगा हुआ है? किसानों का कहना है कि विभाग को निजी केंद्रों को बंद करने की बजाय ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए जिससे किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो सके।

### सक्रियता किसानों की सुविधा में दिखे

क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि विभाग यदि इतनी ही सक्रियता किसानों को राहत देने, सर्वर व्यवस्था सुधारने और समय पर खाद उपलब्ध कराने में दिखाए तो किसानों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। किसानों ने मांग की है कि जल्द से जल्द बंद पड़े कोहका स्थित कृषि केंद्र को पुनः शुरू कराया जाए ताकि क्षेत्र के किसानों को राहत मिल सके और उन्हें खाद के लिए भटकना न पड़े।

# कुएं में डूबने से 11 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छुई में आज शाम लगभग 5 बजे एक बेहद दर्दनाक हादसा हो गया, जहाँ कुएं में डूबने से एक 11 वर्षीय मासूम बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम छुई निवासी शकील खान का 11 वर्षीय पुत्र सरफराज , जो कि चौथी क्लास का छात्र था, शाम को अपने साथियों के साथ घर के पीछे बने कुएं में नहाने के लिए गया हुआ था। नहाने के दौरान अचानक सरफराज कुएं के गहरे पानी में डूब गया, जिससे मौके पर ही उसकी सांसें थम गईं। उसे डूबता देख साथ में मौजूद बच्चे बुरी तरह घबरा गए और उन्होंने तुरंत भागकर इस बात की सूचना परिजनों को दी।

मासूम की मौत की खबर लगते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में मातम पसर गया। इस दुखद हादसे की सूचना मिलने के तुरंत बाद कान्हीवाड़ा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर लिया है और आगे की वैधानिक व अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### इधर, सडक़ हादसे मे शिक्षक की मौत

सिवनी के डूंडा सिवनी थाना क्षेत्र के नगझर बायपास पर रविवार देर रात टीचर की मौत हो गई। सडक़ हादसे एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे प्राथमिक इलाज के बाद नागपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, नगझर बाईपास के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर सवार दोनों सडक़ पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी, जिसके बाद कोतवाली और डूंडा सिवनी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इलाज के दौरान टीचर की मौत, दूसरा नागपुर रेफर हादसे में परासिया स्कूल में पदस्थ शिक्षक जी.एस. चिरौंजी को गंभीर चोटें आईं। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। बाइक पर सवार दूसरे व्यक्ति श्यामलाल डहेरिया भी गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए नागपुर रेफर कर दिया। उनका उपचार नागपुर के एक अस्पताल में जारी है।वाहन चालक मौके से फरार प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर मारने के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर फरार वाहन की तलाश कर रही है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, तीन गंभीर घायल

सिवनी में रविवार देर रात एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार एक बच्चे सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सडक़ पर गिर गए। जानकारी के अनुसार, हादसे में शामिल ट्रैक्टर में कल्टीवेटर लगा हुआ था। बताया जा रहा है कि बाइक सवार तीनों किसी शादी समारोह में शामिल होने के लिए गाड़ादूर गांव जा रहे थे। बिनोरी गांव के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।



हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। तीनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण और राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने तत्काल डायल एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी। कुछ स्थानीय लोगों ने घायलों को सडक़ से हटाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। एम्बुलेंस से तीनों घायलों को इलाज के लिए घंसौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रलाया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक इलाज किया। डॉक्टरों के अनुसार, एक युवक की हालत अत्यंत गंभीर बनी हुई थी, जिसके चलते उसे बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है। वहीं, अन्य दो घायलों का इलाज घंसौर अस्पताल में जारी है।फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश जारी घटना की जानकारी मिलने के बाद घंसौर थाना पुलिस भी अस्पताल पहुंची और घायलों के बयान दर्ज किए। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश की जा रही है। घायलों में रतन लाल विश्वकर्मा (32), हेमेंद्र विश्वकर्मा (6) और विपत लाल विश्वकर्मा (26) शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने और सडक़ सुरक्षा के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# खंडहर स्कूल भवन से 500 छात्रों की जान पर मंडरा रहा खतरा

## हथनापुर में वर्षों से जर्जर भवन हटाने की मांग, ग्राम सभा के कई प्रस्तावों के बाद भी अनुमति नहीं

ग्रामीण बोले हादसा हुआ तो जिम्मेदार होगा प्रशासन, ग्राम सभा की अनदेखी से कमजोर हो रहा लोगों का विश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

ग्राम पंचायत हथनापुर में स्थित शासकीय स्कूल की पुरानी एवं जर्जर बिल्डिंग अब पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुकी है। हालत यह है कि भवन कभी भी भरभराकर गिर सकता है, लेकिन इसके बावजूद करीब 500 छात्र-छात्राएं प्रतिदिन इसी परिसर में पढ़ाई करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं पालकों में लगातार भय का माहौल बना हुआ है कि कहीं कोई बड़ा हादसा न हो जाए। ग्राम पंचायत द्वारा वर्षों से इस जर्जर भवन को हटाने की मांग की जा रही है, लेकिन प्रशासनिक लेटलतीफी के चलते मामला आज तक फाइलों में ही अटका हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कागजी प्रक्रिया में मामले को उलझाए हुए हैं, जबकि बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा यह विषय अत्यंत गंभीर है।

### कई बार ग्राम सभा से पास हो चुका प्रस्ताव

सरपंच शंकर दाहिया ने बताया कि भवन तोडऩे के लिए पंचायत द्वारा कई बार ग्राम सभा में प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। इसके बाद प्रस्ताव जनपद पंचायत, जिला पंचायत, कलेक्टर कार्यालय सहित संबंधित विभागों को भेजे गए। बावजूद इसके वर्षों बाद भी अनुमति नहीं मिल सकी है। वर्तमान में मामला एसडीएम कार्यालय में लंबित बताया जा रहा है। सरपंच का कहना है कि जैसे ही अनुमति प्राप्त होगी, पंचायत तत्काल जर्जर भवन हटाने की कार्रवाई शुरू कर देगी, ताकि भविष्य में किसी



भी दुर्घटना की संभावना समाप्त हो सके।

### वृंदावन ग्राम होने के बाद भी उपेक्षा

ग्रामीणों ने बताया कि हथनापुर पंचायत वृंदावन ग्राम में शामिल है। यहां समय-समय पर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों का आवागमन भी बना रहता है, लेकिन इसके बावजूद इतनी गंभीर समस्या का समाधान नहीं होना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

ग्रामीणों का कहना है कि जब अधिकारी गांवों में पहुंचते हैं तो विकास और सुरक्षा के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति इसके विपरीत दिखाई देती है। बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा मामला वर्षों तक लंबित रहना प्रशासन की संवेदनहीनता और लेटलतीफी को उजागर करता है।

### ग्राम सभा की महत्ता होती जा रही कमजोर

ग्रामीणों ने इस पूरे मामले को ग्राम सभा की उपेक्षा से भी जोडक़र देखा है। उनका कहना है कि शासन स्तर पर ग्राम सभा को गांव की सबसे महत्वपूर्ण इकाई माना गया है और ग्राम सभा में पारित प्रस्तावों को विशेष महत्व देने की बात कही जाती है। कई जगह तो ग्राम सभा के प्रस्तावों को विधानसभा में पारित प्रस्तावों जैसी मान्यता तक दी गई है।लेकिन वास्तविकता यह है कि अधिकारी-कर्मचारी ग्राम सभा में पारित प्रस्तावों को गंभीरता से नहीं लेते। वर्षों तक कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों का विश्वास ग्राम सभा व्यवस्था से कमजोर होने लगता है। लोगों को लगने लगता है कि बैठकों में लिए गए निर्णय केवल कागजों तक सीमित रह जाते हैं और उनका कोई वास्तविक महत्व नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि यही कारण है कि धीरे-धीरे लोग ग्राम सभा की बैठकों से दूरी बनाने लगते हैं। यदि ग्राम सभा के प्रस्तावों पर समय पर कार्रवाई नहीं होगी तो पंचायत राज व्यवस्था का उद्देश्य भी कमजोर पड़ जाएगा।

### नए निर्माण कार्य भी पड़े प्रभावित

ग्रामीणों ने बताया कि जर्जर भवन हटने के बाद पंचायत इस स्थान पर विभिन्न शासकीय योजनाओं के तहत नए निर्माण कार्य कराना चाहती है। गांव में कई आवश्यक निर्माण कार्य लंबित हैं, लेकिन पुरानी बिल्डिंग के कारण जगह का उपयोग नहीं हो पा रहा है। यदि समय रहते अनुमति मिल जाए तो यहां बच्चों और ग्रामीणों की आवश्यकता के अनुसार नए विकास कार्य कराए जा सकते हैं, जिससे गांव को सीधा लाभ मिलेगा।

### दुर्घटना हुई तो प्रशासन जिम्मेदार

सरपंच सहित ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि अनुमति मिलने में देरी के कारण कोई दुर्घटना होती है तो उसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द अनुमति जारी कर जर्जर भवन हटाने की मांग की है, ताकि किसी अप्रिय घटना से पहले समस्या का समाधान हो सके।

# धूमा पुलिस ने दुष्कर्म के फरार आरोपी को महाराष्ट्र से धरदबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं एसडीओपी लखनादौन अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना धूमा पुलिस ने दुष्कर्म के फरार आरोपी को महाराष्ट्र राज्य से गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। दिनांक 31.03.2026 को थाना गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर से शून्य पर अपराध क्रमांक 00/26 की डायरी वरिष्ठ कार्यालय के माध्यम से असल कायमी हेतु थाना धूमा प्राप्त हुई। थाना धूमा में अपराध क्रमांक 102/2026 धारा 69 बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी धूमा के नेतृत्व में तत्काल टीम गठित कर आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई। आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार चल रहा था। पुलिस टीम द्वारा संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। सतत प्रयासों, विश्वसनीय मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी सहायता के आधार पर आरोपी को महाराष्ट्र राज्य से घेराबंदी कर धरदबोचा गया।

विकास ठाकुर पिता शंकर लाल, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम कुंडा, चौकी झोतेश्वर, जिला नरसिंहपुर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। इस संपूर्ण कार्रवाई में निरीक्षक डोमन सिंह मरावी, सउनि रविन्द्र प्रताप सिंह, आरक्षक अरूण पटेल एवं आरक्षक नितेश धुर्वे की महत्वपूर्ण व सराहनीय भूमिका रही। सिवनी पुलिस महिला संबंधी अपराधों में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# अनुशासन पर मोटिवेशनल सत्र, फुटबॉल वॉलीबॉल की आउटडोर एक्टिविटीज आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय के नवाचार सृजन के अंतर्गत पुलिस लाइन सिवनी में चल रहे समर कैंप के तृतीय चरण के दूसरे दिवस का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में संचालित कैंप में आज बच्चों से आत्मीय परिचय प्राप्त किया गया। प्रशिक्षकों द्वारा सृजन के अंतर्गत आगामी दिवसों में आयोजित होने वाले सभी सत्रों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई तथा इनडोर एवं आउटडोर क्लासेस में शामिल विषयों की जानकारी दी गई।

मोटिवेशनल सत्रः बच्चों को जीवन में अनुशासन का महत्व समझाते हुए लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रेरित किया गया।



समय-पालन, टीम वर्क व सकारात्मक सोच पर विशेष जोर दिया गया। आउटडोर एक्टिविटीजः बच्चों को शारीरिक रूप से सक्रिय रखने हेतु फुटबॉल एवं वॉलीबॉल के मैच खिलाए गए। खेलों के माध्यम से टीम भावना, नेतृत्व व स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का विकास किया गया।

# 30 वर्ष बाद जिला यादव महासभा का भव्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला यादव महासभा द्वारा 24 मई को राशि बाहुबली लॉन में आयोजित आदर्श युवक-युवती परिचय सम्मेलन का भव्य समापन हुआ। लगभग 30 वर्षों बाद आयोजित इस सामाजिक आयोजन में बिलासपुर, जबलपुर, इंदौर, छिंदवाड़ा, गोंदिया एवं मुलताई सहित विभिन्न क्षेत्रों से युवक-युवतियों एवं समाजजनों की सहभागिता रही। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव, विधायक सचिन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष छिंदवाड़ा शेष राव यादव, पूर्व विधायक संजय यादव सहित प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के अनेक सामाजिक नेता उपस्थित रहे।



जिला यादव महासभा के अध्यक्ष अरुण यादव ने सभी अतिथियों एवं समाजजनों का स्वागत करते हुए समाज को एकजुट होकर सामाजिक कार्यों में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गौशालाएं यादव समाज को सौंपने, यादव कल्याण बोर्ड गठन करने तथा डेयरी उद्योग हेतु भूमि उपलब्ध कराने की मांग रखी। साथ ही वर्ष 2027 में संभाग स्तरीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा भी की। पूर्व विधायक संजय यादव ने समाज की एकता पर बल देते हुए महिलाओं की सामाजिक सहभागिता बढ़ाने की बात कही। वहीं जिला भाजपा अध्यक्ष शेष राव यादव ने कहा कि समाज को राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट रहना चाहिए। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनोज यादव ने दहेज प्रथा एवं मृत्यु भोज जैसी कुरीतियों को समाप्त करने, शिक्षा को बढ़ावा देने तथा युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। विधायक सचिन यादव ने समाज में राजनीतिक चेतना और सामाजिक समरसता बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में केवलारी विधायक रजनीश सिंह ठाकुर, नगरपालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोडिय़ा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित रहे। अंत में जिला यादव महासभा के संरक्षक महेश यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## गंगा दशहरा पर चला जल गंगा संवर्धन अभियान

# सागर नदी तट पर स्वच्छता, पूजन एवं जागरूकता रैली आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा उत्सव के पावन अवसर पर केवलारी क्षेत्र में सागर नदी तट पर स्वच्छता, पूजन एवं जनजागरूकता रैली का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद केवलारी के विकासखंड समन्वयक के मार्गदर्शन में नगर विकास प्रस्फुटन समिति केवलारी एवं नवांकुर संस्था माँ रेवा ग्रामोत्थान समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत सागर नदी तट की साफ-सफाई अभियान से हुई, जिसमें उपस्थित जनों ने श्रमदान कर



नदी घाट एवं आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ बनाने का संदेश दिया। इसके पश्चात विधि-विधान से माँ गंगा एवं नदी पूजन किया गया तथा जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन का संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर आयोजित जागरूकता रैली में जल बचाने, नदियों को स्वच्छ रखने एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश दिए गए। रैली के माध्यम से आमजन को जल स्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि जल ही जीवन है और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए जल संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक अशोक बेन्द्रे, नवांकुर संस्था प्रमुख अशोक बंदेवार, नगर विकास प्रस्फुटन समिति प्रमुख बालकराम डहेरिया, अरुण साहू ,मेंटर्स रामकृष्ण डेहरिया सहित ग्राम के अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति समाज को जागरूक करने का संदेश दिया। गंगा दशहरा के अवसर पर आयोजित यह अभियान क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता का प्रेरणादायी उदाहरण बना।

### 10 दिनों में चौथी बार बढ़े दाम, लोगों में भारी नाराजगी

# पेट्रोल 2.61 और डीजल 2.71 रुपये महंगा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में पेट्रोल और डीजल के दाम एक बार फिर बढ़ गए हैं, जिससे ये कीमतें अब प्रदेश के महानगरों से भी अधिक हो गई हैं। सोमवार को पेट्रोल 115.77 रुपये प्रति लीटर और डीजल 101.06 रुपये प्रति लीटर पर पहुंच गया। इस वृद्धि से पहले बालाघाट में पेट्रोल 108.03 रुपये और डीजल 93.43 रुपये प्रति लीटर बिक रहा था।



पेट्रोल की कीमतों में 2.61 रुपये और डीजल में 2.71 रुपये की वृद्धि हुई है। इस लगातार बढ़ती महंगाई का सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा। पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ने से न केवल रोजमर्रा की चीजें महंगी होंगी, बल्कि यात्रियों को यात्रा के लिए भी अधिक भुगतान करना होगा।

पेट्रोल भरवाने आए एक युवक ने बताया कि कीमतों में वृद्धि का सबसे अधिक बोझ गरीब वर्ग पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इससे आम जरूरतों के सामान के साथ-साथ यात्रा भी महंगी हो जाएगी। युवक ने सरकार से टैक्स कम करके जनता को राहत देने की मांग की।

एक अन्य ग्राहक ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पेट्रोल और गैस के दाम बढ़ने से जीवनयापन मुश्किल हो गया है। उन्होंने इसे जनता पर एक बड़ी मार बताया, जिससे उनकी क्रय शक्ति प्रभावित हुई है।

पेट्रोल पंप संचालक द्रोण कुमार डोंगरे ने बताया कि बढ़ते दामों का असर आम जनता के साथ-साथ उनके व्यवसाय पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लगातार मूल्य वृद्धि के कारण बिक्री में कमी आई है। जहां लोग पहले दो लीटर पेट्रोल भरवाते थे, अब वे एक लीटर पर आ गए हैं। उनकी पेट्रोल बिक्री 45 हजार लीटर से घटकर 40 हजार लीटर और डीजल बिक्री 25 हजार लीटर से घटकर 20 हजार लीटर रह गई है।

# पेसा मोबिलाइजर्स की सेवा समाप्ति का विरोध, कर्मचारियों ने निकाली रैली

## आदिवासी नेता बोले- मांगें न मानी तो भोपाल में होगा आंदोलन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के बैहर, बिरसा और परसवाड़ा के पेसा एक्ट वाले अधिसूचित क्षेत्रों में कार्यरत पेसा मोबिलाइजरों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। उन्होंने सेवा से मुक्त किए जाने के विरोध में रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम संयुक्त कलेक्टर मायारा कौल को ज्ञापन सौंपा। मोबिलाइजरों ने अपनी सेवा में वापस लिए जाने की मांग की है।

पेसा मोबिलाइजरों ने बताया कि उन्हें 4 हजार रुपये मानदेय दिया जा रहा था, लेकिन सरकार ने अचानक 18 मई को उनकी सेवाएं समाप्त कर दीं। इससे सैकड़ों युवा बेरोजगार हो गए हैं। उनका कहना है कि सरकार ने उनसे वेतन 8 हजार रुपये करने का वादा किया था, लेकिन अब उन्हें पदमुक्त कर दिया गया है। इसी आक्रोश को लेकर सोमवार को बालाघाट में पेसा मोबिलाइजरों ने विरोध प्रदर्शन कर रैली निकाली।




आदिवासी प्रतिनिधि और भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले हुए इस आंदोलन में जिला पंचायत सदस्य और आदिवासी नेता मंशाराम मड़ावी भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि 2022 में पेसा एक्ट लागू वाले क्षेत्रों के लिए शिक्षित और योग्य युवाओं को पेसा मोबिलाइजर के रूप में नियुक्त किया गया था। 18 मई को उनकी सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं, जिससे वे अब बेरोजगार हो गए हैं।

मड़ावी ने जानकारी दी कि इस मामले में सरकार को मांग पत्र सौंपा गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही पेसा मोबिलाइजरों की सेवा समाप्ति का आदेश वापस लेकर उन्हें सेवा में नहीं लिया गया, तो पूरे प्रदेश के 5 हजार से अधिक पेसा मोबिलाइजर भोपाल में एक बड़ा आंदोलन करेंगे।

# रेलवे ट्रैक पर दर्दनाक मौत, अज्ञात युवती का शव दो हिस्सों में बंटा



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में सोमवार सुबह एक युवती का शव रेलवे ट्रैक पर दो हिस्सों में बंटा मिला। घटना भटेरा और बैहर रोड रेलवे ट्रैक के बीच हुई, जहां ट्रेन से कटकर युवती की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, रेलवे ट्रैक 1044 के खम्बा नंबर 19 और 20 के बीच शव पाया गया। पुलिस घटनास्थल पर घटना के लगभग एक घंटे बाद पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन्हें घटना की सूचना अभी मिली है।

युवती का धड़ के नीचे का हिस्सा ट्रैक के बीच मिला, जबकि सिर और धड़ का ऊपरी हिस्सा पटरी के किनारे पड़ा था। बताया जा रहा है कि सुबह करीब 6:30 बजे कटंगी से गोंदिया के बीच चलने वाली कटंगी-गोंदिया ट्रेन से यह हादसा हुआ। ट्रेन चालक ने इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी थी।

फिलहाल, पुलिस ने शव को ट्रैक से बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। कोतवाली पुलिस युवती की पहचान सुनिश्चित करने के लिए सभी थानों से संपर्क कर रही है और आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। युवती की शिनाख्त होना अभी बाकी है।

# 28 मई को बाढ़ आपदा की पूर्व तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक

**बालाघाट।** जिले में संभावित बाढ़ आपदा से प्रभावी ढंग से निपटने एवं पूर्व तैयारियां सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 28 मई 2026 को जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से शुरू होगी। बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही विभागों को बाढ़ आपदा से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं तैयारियों का विवरण 25 मई तक कार्यालय कलेक्टर राहत शाखा में प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। बैठक में राहत एवं बचाव कार्यों की रणनीति, संसाधनों की उपलब्धता, संवेदनशील क्षेत्रों की स्थिति तथा आपातकालीन व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाएगी, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# खून की एक बूंद ने खोला अंधे कत्ल का राज

## लामता और चांगोटोला पुलिस, सायबर सेल ने सुलझाई मर्डर मिस्ट्री

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के परतापुर में हुए सुरेंद्र मड़ावी हत्याकांड का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में मृतक की प्रेमिका के बेटे और उसके दोस्त को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने हत्या के बाद सबूत मिटाने के लिए शव को तालाब में फेंक दिया था और खून के धब्बों को मिट्टी से ढक दिया था।

एसपी आदित्य मिश्रा ने बताया कि मृतक सुरेंद्र मड़ावी के गांव की ही एक विधवा महिला से अवैध संबंध थे। महिला का 19 वर्षीय बेटा सोनू मड़ावी इन संबंधों का विरोध करता था। सोनू ने सुरेंद्र को कई बार अपनी मां से न मिलने और घर न आने की चेतावनी दी थी। सुरेंद्र के न मानने पर सोनू ने अपने दोस्त मिथुन सैयाम (23) के साथ मिलकर उसकी हत्या की साजिश रची।



19 मई की रात जब सुरेंद्र गांव की बैठक से लौटकर महिला के घर की ओर जा रहा था, तभी खेत में छिपे सोनू और मिथुन ने उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। सुरेंद्र पर कुल्हाड़ी से तीन घातक वार किए गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हत्या के बाद आरोपी शव को करीब 500 मीटर दूर घसीटकर ले गए और उसे तालाब में फेंक दिया ताकि मामला आत्महत्या जैसा लगे।

वारदात के बाद आरोपियों ने रास्ते में गिरे खून के धब्बों पर मिट्टी डालकर उन्हें मिटाने का प्रयास किया। उन्होंने एक कुल्हाड़ी जमीन में गाड़ दी और दूसरी तालाब में फेंक दी। 20 मई को तालाब में शव मिलने और पोस्टमार्टम में धारदार हथियार से चोट की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड की मदद से पुलिस आरोपियों तक पहुंचने में सफल रही।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त कुल्हाड़ी, खून से सने कपड़े, मोबाइल और सबूत बरामद कर लिए हैं। इस कत्ल को सुलझाने वाली लामता और चांगोटोला थाना पुलिस सहित सायबर सेल की टीम को आईजी द्वारा घोषित 20 हजार रुपए के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# सरदार मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल के खिलाफ कार्यवाही की मांग




विवेक तिरपुड़े को न्याय दिलाने की मांग को लेकर निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में रविवार को एक युवक विवेक तिरपुड़े के परिजनों और समर्थकों ने कैंडल मार्च निकाला। विवेक हाथ में मामूली चोट की सर्जरी के बाद पिछले 100 दिनों से कोमा में हैं। परिजनों ने सरदार पटेल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। यह घटना बालाघाट के सरदार पटेल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में हुई थी। विवेक को हाथ में मामूली चोट लगी थी, जिसके लिए सर्जरी की गई थी। परिजनों का आरोप है कि सर्जरी के बाद विवेक कोमा में चले गए। वर्तमान में वे नागपुर के एक अस्पताल के आईसीयू में जीवन के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विवेक के भाई अमित तिरपुड़े ने बताया कि 100 दिन पहले डॉक्टरों ने 20 मिनट की सर्जरी के बाद विवेक के ठीक होने का दावा किया था। हालांकि, तीन घंटे बाद अस्पताल ने परिवार को सूचित किया कि विवेक को हार्ट अटैक आया था और उन्हें सीपीआर दिया गया। तब से विवेक कोमा में हैं और उन्हें गले में छेद के माध्यम से भोजन दिया जा रहा है। डॉक्टरों ने अब उनके ठीक होने के लिए तीन और महीने का समय दिया है।

अमित तिरपुड़े ने पुलिस कार्रवाई पर विश्वास व्यक्त किया, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि इस मामले में कोई जिम्मेदारी नहीं लेना चाहता। परिवार प्रशासन से मेडिकल लापरवाही के खिलाफ सख्त कदम उठाने और एक मिसाल कायम करने की मांग कर रहा है। रविवार शाम 6 बजे, विवेक के परिजनों और समर्थकों ने 'जस्टिस फॉर विवेक तिरपुड़े' बैनर और 'मेडिकल लापरवाही का अगला शिकार कौन' संदेश लिखी तख्तियों के साथ कैंडल मार्च निकाला।

# अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की छापामार कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में खनिज विभाग ने अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को विभाग ने सड़कों से अवैध रूप से रेत का परिवहन कर रहे तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया।

यह कार्रवाई जिले के बालाघाट स्थित खुरसोड़ी और कटंगी के भजियापार क्षेत्रों में की गई। खनिज विभाग ने बताया कि सभी मामलों में मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने स्पष्ट किया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।



पहली कार्रवाई में, खनिज विभाग ने बालाघाट के ग्राम खुरसोड़ी से ट्रैक्टर क्रमांक एमपी-50-एए-5107 को जब्त किया। इसे नैतरा निवासी वाहन चालक प्रकाश पिता पवन लिल्हारे चला रहा था। ट्रैक्टर-ट्रॉली और रेत को थाना नवेगांव की अभिरक्षा में रखा गया है।

दूसरी कार्रवाई में, खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल और खनि सिपाही दिलशाद कुरैशी ने कटंगी के भजियापार से ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 50-एए-3244 को जब्त किया, जिसे राजेश राउत पिता राजकुमार राउत चला रहे थे। इसी क्रम में, बाहकल में ट्रैक्टर-ट्रॉली क्रमांक एमपी 50-एए-4736 को अवैध रेत परिवहन करते हुए वाहन मालिक दिनेश पिता नेतलाल से जब्त किया गया। इन दोनों वाहनों को थाना कटंगी की अभिरक्षा में रखा गया है।

# जिला जेल बालाघाट में "लीगल एड हेल्प डेस्क" का शुभारंभ

**बालाघाट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला जेल बालाघाट में 23 मई 2026 को "लीगल एड हेल्प डेस्क" का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्राणेष कुमार प्राण के करकमलों द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने जिला जेल का निरीक्षण भी किया।

हेल्प डेस्क के शुभारंभ के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने बंदियों के परिजनों से चर्चा कर उनके प्रकरणों की जानकारी ली तथा उन्हें होने वाली समस्याओं के बारे में भी पूछा। उन्होंने परिजनों को बताया कि इस केंद्र का उद्देश्य बंदियों से मुलाकात के लिए आने वाले परिवारजनों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराना, विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं की जानकारी देना तथा बंदियों के प्रकरणों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि हेल्प डेस्क के माध्यम से यदि किसी परिवारजन को बंदी के मामले की जानकारी नहीं है, तो वह यहां से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकता है। केंद्र में डिफेंस काउंसल एवं पैरालीगल वॉलंटियर्स की ड्यूटी लगाई गई है, जिससे आने वाले परिवारजनों को आवश्यक विधिक सहायता मिल सकेगी।

## दोबारा सीमांकन पर आपत्ति, 18 अप्रैल के पंचनामे की मांग

# शमशान घाट की भूमि पर अतिक्रमण का मामला, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम कामठी में शमशान घाट की शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण का मामला फिर गरमा गया है। जिसके चलते करीब दर्जनभर से अधिक ग्रामीणों ने सोमवार 25 मई को दोपहर 2 बजे एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। ग्राम वासियों का आरोप है कि दिग्विजय राजाराम चौधरी द्वारा शमशान घाट की जमीन पर अतिक्रमण किया गया था, जिसे 18 अप्रैल 2026 को प्रशासन ने हटवाया था। लेकिन 23 मई 2026 को पटवारी द्वारा किए गए दोबारा सीमांकन से ग्रामीण संतुष्ट नहीं हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि दिग्विजय चौधरी ने शमशान घाट की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे किया गया है। समस्त ग्रामवासियों ने 18 अप्रैल 2026 को सामूहिक रूप से आवेदन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। आवेदन के तुरंत बाद उसी दिन नायब तहसीलदार और राजस्व विभाग के अन्य कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच की। 18 अप्रैल को हुई जांच में नायब तहसीलदार ने मौके पर शमशान घाट की भूमि का सीमांकन कराया। सीमांकन के बाद अतिक्रमण हटाया गया और शमशान घाट की वास्तविक सीमा समस्त ग्रामवासियों को बताई गई। ग्रामवासियों के अनुसार, उस समय दिग्विजय चौधरी ने भी सीमांकन को स्वीकार कर लिया था। इसी दौरान यह भी सामने आया कि दिग्विजय चौधरी द्वारा शासकीय भूमि पर लगे फलदार वृक्ष काटे गए थे। नायब तहसीलदार ने इस पूरे घटनाक्रम का पंचनामा तैयार किया था।

**23 मई को दोबारा सीमांकन से विवाद:** मामले में नया मोड़ 23 मई को आया, जब पटवारी इमलेश राहंगडाले द्वारा शमशान घाट की भूमि का दोबारा सीमांकन किया गया। ग्रामवासियों का आरोप है कि यह सीमांकन 18 अप्रैल को हुए सीमांकन से भिन्न था। ग्रामीणों ने बताया कि पहले किए गए सीमांकन और 23 मई को किए गए सीमांकन में अंतर पाया गया। इस कारण समस्त ग्रामवासियों ने असहमति जताई और पटवारी द्वारा बनाए गए पंचनामे पर किसी ने भी हस्ताक्षर नहीं किए। ग्राम वासियों का कहना है कि उन्हीं कर्मचारियों द्वारा किया गया सीमांकन गलत या भिन्न पाया गया, जिससे गांव में असंतोष का माहौल है।

**ग्राम वासियों की मांग:** ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए 18 अप्रैल 2026 को किए गए सीमांकन की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने और फलदार वृक्ष काटने संबंधी जो पंचनामा नायब तहसीलदार द्वारा बनाया गया था, उसकी नकल प्रदान करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि शमशान घाट सार्वजनिक उपयोग की भूमि है और इस पर अतिक्रमण से सामाजिक कार्यों में बाधा आती है। 18 अप्रैल की कार्रवाई के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई थी, लेकिन दोबारा हुए सीमांकन ने भ्रम पैदा कर दिया है। इस पूरे मामले में राजस्व विभाग की भूमिका संदेहास्पद है। सरपंच करिश्मा कारसर्पे के नेतृत्व में प्रदीप भगत, श्याम कुमार उइके, राजकुमार परिहार, महेंद्र भलावी, राजकुमार, छोटेलाल सहित अन्य ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ जांच करवाने की मांग की है।

# पेयजल संकट से राहत की पहल: मधु भगत ने विधायक निधि से 13 पानी के टैंकर ग्राम पंचायतों को प्रदान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

"जल ही जीवन है" के संकल्प को साकार करने की दिशा में विधायक मधु भगत ने परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल की गई। परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में पेयजल संकट से जूझ रहे ग्रामीणों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से विधायक निधि वर्ष 2025-26 से 13 पानी के टैंकर प्रदान किए गए। यह पहल गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।



जानकारी के अनुसार, इन पानी के टैंकरों का वितरण विधायक के निज निवास चरेगांव से किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही। विधायक ने कहा कि क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और पेयजल जैसी आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में कई ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों का जलस्तर कम हो जाता है, जिससे लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में पानी के टैंकर ग्रामीणों के लिए राहत का माध्यम बनेंगे और जरूरतमंद क्षेत्रों तक समय पर पानी पहुंचाने में सहायक सिद्ध होंगे। विधायक निधि से उपलब्ध कराए गए इन टैंकरों का उपयोग ग्राम पंचायतों द्वारा आवश्यकता अनुसार किया जाएगा, ताकि किसी भी गांव में पेयजल की समस्या गंभीर रूप न ले सके।

विधायक ने कहा कि "जल ही जीवन है" केवल एक नारा नहीं बल्कि जनजीवन से जुड़ा संकल्प है। लोगों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सरकार और जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ क्षेत्र की पंचायतों को यह सौगात दी गई है, ताकि ग्रामीणों को गर्मी के मौसम में पानी की परेशानी से जूझना न पड़े।

उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। सड़क, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जाएगा।

ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि गर्मी के दिनों में कई गांवों में पानी की समस्या बढ़ जाती है, ऐसे में पानी के टैंकर उपलब्ध होने से काफी राहत मिलेगी। उन्होंने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इसी प्रकार विकास कार्य किए जाते रहेंगे।

क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था को मजबूत करने की यह पहल ग्रामीण जनजीवन को राहत देने के साथ-साथ प्रशासनिक स्तर पर जल प्रबंधन को भी मजबूती प्रदान करेगी।

प्रवेश प्रारंभ
Approved by AICTE, New Delhi, Affiliated to RGPV Bhopal & OTE MP
सतपुड़ा इंजीनियरिंग कॉलेज
B.Tech. 4 Year Degree 12th Mats Pass
Polytechnic 3 Year Diploma 10th Pass
कम्प्यूटर साइंस इंजीनियरिंग
माईनिंग इलेक्ट्रिकल
सिविल मेकेनिकल
JOB SAHI
सतपुड़ा कैम्पस, लाल रोड, मांझापुर बालाघाट (म.प्र.)
9425836824, 62625604111 Web: www.satpudaengineeringcollege.com